विज्ञप्ति

पैकफेड इम्पलाईज सी0पी0एफ0ट्रस्ट में कार्मिक पक्ष के 03 ट्रस्टी के विस्तृत चुनाव कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है:–

क्र0 सं0	विवरण	दिनॉक	समय	स्थान
1	अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन	06.12.23 सोमवार	11.00 बजे पूर्वान्ह	यू0पी0आर0एन0एस0 मुख्यालय लखनऊ
2	अनन्तिम मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण	08.12.23 शुक्रवार	11.00 बजे पूर्वान्ह	तदैव
3	अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन	11.12.23 सोमवार	3.00 बजे अपरान्ह	तदैव
4	नामांकन पत्र का प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि	12.12.23 मंगलवार	12.00 बजे पूर्वान्ह से अपरान्ह 2.00 बजे तक	सी0पी0एफ0ट्रस्ट अनुभाग
5	नामांकन पत्र जमा करने की तिथि	13.12.23 बुधवार	11.00 बजे पूर्वान्ह से अपरान्ह 2.00 बजे तक	सामान्य प्रबन्धक के कक्ष में
6	नामांकन पत्रों का निरीक्षण एवं विधिमान्य नामांकन पत्रों की घोषणा	14.12.23 गुरूवार	10.00 बजे से पूर्वान्ह से अपरान्ह 12.00 बजे तक	तदैव
7	नामांकन पत्रों की वापसी	14.12.23 गुरूवार	अपरान्ह 2.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	तदैव
8	नामांकन पत्रों के अंतिम सूची का प्रदर्शन	15.12.23 शुक्रवार	अपरान्ह 2.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	तदैव
9	मतदान	18.12.23 सोमवार	11.00 बजे पूर्वान्ह से अपरान्ह 5.00 बजे	प्रखण्ड स्तरीय कार्यालयों तथा मुख्यालय पर स्थापित मदतान केन्द्रों पर

10	मत–पत्रों की गणना एवं परिणामों की घोषण	21.12.23 गुरूवार	10.00 बजे से	यू0पी0आर0एन0एस0 मुख्यालय लखनऊ

(अभय सिंह)
सामान्य प्रबन्धक / चुनाव अधिकारी
पैकफेड इम्पलाईज सी0पी0एफ0ट्रस्ट
पैकफेड लखनऊ

पत्रांक– सी–56 / पैक / ट्रस्ट / चुनाव / 2023–24
दिनॉक 29/11/2023

प्रतिलिपिः–

1–समस्त अधिकारी / कर्मचारी मुख्यालय / समस्त प्रखण्ड प्रभारियों को इस निर्देश के साथ कि वे निर्धारित तिथि दिनॉक 18.12.2023 को अपने प्रखण्ड पर स्थापित मतदान केन्द्र पर मतदान कराना सुनिश्चित करें एवं मत पत्रों को लिफाफे में सील करके दिनॉक 19.12.2023 को कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

2–कम्प्यूटर प्रोग्रामर को चुनाव कार्यक्रम को समस्त प्रखण्डों पर ई–मेल द्वारा प्रेषित करने तथा चुनाव कार्यक्रम को यू0पी0आर0एन0एस0एस0 की वेबसाइट पर आज ही अपलोड करने हेतु।

3- नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

(अभय सिंह)
सामान्य प्रबन्धक / चुनाव अधिकारी
पैकफेड इम्पलाईज सी0पी0एफ0ट्रस्ट
पैकफेड लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0(यू0पी0आर0एन0एस0एस0), लखनऊ।

पैकफेड इम्प्लाईज सी0पी0एफ0 ट्रस्ट के चुनाव हेतु कतिपय निर्देश

1–पैकफेड इम्पलाइज सी0पी0एफ0 ट्रस्ट हेतु तीन प्रतिनिधियों का चुनाव निर्धारित कार्यक्रमानुसार गुप्त मतदान विधि से सम्पन्न कराया जाएगा।

2–नामांकन पत्र का प्रपत्र निःशुल्क यू0पी0आर0एन0एस0एस0 मुख्यालय पर श्री आशीष कुमार मौर्या, वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी से दिनांकः12.12.2023 को अपरान्ह 12.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन पत्र का प्रपत्र डाक से नहीं भेजा जाएगा, किन्तु इसे किसी प्रतिनिधि के माध्यम से आवेदन पत्र भेजकर मंगाया जा सकता है।

3–भरे हुए नामांकन पत्र सामान्य प्रबन्धक/ निर्वाचन अधिकारी द्वारा(निर्धारित तिथि एवं समय में) उनके कक्ष यू0पी0आर0एन0एस0एस0 मुख्यालय में स्वीकार किए जाएंगे तथा वहीं नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की कार्यवाही सम्पन्न होगी।

4–मतदान केन्द्रों की स्थापना समस्त प्रखण्ड कार्यालयों तथा यू0पी0आर0एन0एस0एस0 मुख्यालय पर की जाएगी। प्रत्येक प्रखण्ड के मतदाता अपने सम्बन्धित प्रखण्ड कार्यालय पर स्थापित मतदान केन्द्र पर मतदान करेंगे। मुख्यालय के कर्मचारी मुख्यालय पर स्थापित किये जाने वाले मतदान केन्द्र पर मतदान करेंगे।

5–मतों की गणना निर्धारित तिथि एवं समय पर यू0पी0आर0एन0एस0एस0 मुख्यालय में होगी।

6–उक्त चुनाव में वही कर्मचारी/ अधिकारी मतदान करेंगे जो पैकफेड इम्पलाइज सी0पी0एफ0 ट्रस्ट के सदस्य होंगे।

7–प्रत्येक मतदाता को पैकफेड इम्पलाइज सी0पी0एफ0 ट्रस्ट के कर्मचारी के पक्ष के सदस्यों हेतु अधिकतम तीन प्रत्याशियों को मत देने का अधिकार होगा, किन्तु किसी एक मतदाता द्वारा किसी एक प्रत्याशी को एक ही मत दिया जा सकेगा।

8–मतदान केन्द्र पर चुनाव सम्पन्न कराने हेतु प्रखण्ड कार्यालय पर प्रखण्ड प्रभारी ही पीठासीन अधिकारी होगा।

9–मतदान करने हेतु कार्मिकों/ मतदाताओं को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता संस्था द्वारा देय नहीं होगा।

10–किसी विवाद की स्थिति में चुनाव अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।

(अभय सिंह)
सामान्य प्रबन्धक/ चुनाव अधिकारी
यू0पी0आर0एन0एस0एस0,
लखनऊ।

mislleni-s